मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल 462003 (म.प्र.) भारत
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal 462003(M.P.)India
(An Institution of National Importance, under Ministry of Education, Govt. of India)

क्रमांक / स्था. / राजभाषा / 2024 / 1548 दिनांक 18...../ 11 / 2024

// परिपत्र //

भारत शासन की राजभाषा नीति के अनुपालन में संस्थान में राजभाषा समिति की तिमाही (01.07.2024 से 30.09.2024) बैठक दिनांक 16.10.2024 को निदेशक कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई थी। सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित निर्णय (कार्यवृत्त) की प्रति संलग्न है। कृपया सभी विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष / केन्द्राध्यक्ष एवं शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक अधिकारी / कर्मचारी उनसे संबंधित राजभाषा हेतु लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करें।

संलग्न : कार्यवृत्त।

गौरव द्विवेदी 18/11/24
संयोजक, राजभाषा समिति

प्रतिलिपिः

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. समस्त विभागाध्यक्ष।
3. समस्त अनुभागीय अधिकारी / प्रभारी।

} को अधीनस्थ शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु।

4. डॉ सविता दीक्षित, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग एवं परामर्शदात्री राजभाषा समिति, मेनिट भोपाल।
5. प्रभारी, वेबसाइट अपलोड हेतु।
6. निज सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
7. निज सहायक निदेशक, निदेशक महोदय को सूचनार्थ।

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल

क्रमांक स्था./राजभाषा/2024/ दिनांक : ....../11/2024

// कार्यवृत्त //

संस्थान में भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन एवं कार्य के क्रियान्वयन के संबंध में संस्थान राजभाषा समिति की तिमाही (01.07.2024 से 30.09.2024 तक) बैठक दिनांक 16.10.2024 को हुई। संस्थान द्वारा हिन्दी में कार्य प्रगति पर अध्यक्ष (निदेशक) महोदय ने प्रशंसा व्यक्त की।

समिति द्वारा की गई चर्चा में निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निष्कर्ष निकाला है जिन पर राजभाषा नीति के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित है :–

1. सर्वप्रथम निदेशक महोदय ने पिछली बैठक के कार्यवृत की समीक्षा की और संस्थान में हो रहे हिन्दी में कार्य की प्रशंसा की।
2. इस वर्ष हिन्दी पखवाड़ा में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बने प्रतिभागियों को समेकित रूप से बधाई दी एवं प्रशंसा की।
3. लैब प्रयोग लिस्ट एवं मेनुअल हिन्दी में वेबसाइट पर अपलोड किये जाने चाहिए।
4. साथ ही सभी प्रयोगशालाओं के प्रयोगों की लिस्ट एवं मेनुअल हिन्दी प्रकोष्ठ में प्रति उपलब्ध करायी जानी चाहिए।
5. हिन्दी में "लाइफ मेनेजमेंट" नामक किताब बुक की कुछ प्रतियां पुस्तकालय में उपलब्ध होना चाहिए।
6. संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा लिखे गए हिन्दी लेख/काव्य/पधांश आदि को क्षितिज नामक पत्रिका में संकलन के लिए भेजने हेतु कहा गया।

संस्थान के समस्त विभागाध्यक्षों/ केन्द्राध्यक्षों/ संकायाध्यक्षों/ अनुभागाध्यक्षों एवं शाखा प्रमुख से अनुरोध है कि वे अपने–अपने विभाग से संबंधित हिन्दी के कार्य के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन किया जा सके एवं की गई कार्य की जानकारी से संस्थान राजभाषा प्रकोष्ठ को भी प्रेषित करने का कष्ट करें जिससे समय समय पर गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जानकारी चाहे जाने पर उन्हे उपलब्ध कराया जा सके।

गौरव द्विवेदी
उप–कुलसचिव (स्था.)
संयोजक, राजभाषा

सविता
परामर्शदात्री, राजभाषा

विनोद
कुलसचिव
उपाध्यक्ष, राजभाषा

निदेशक
अध्यक्ष, राजभाषा